डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय,पूसा बिहार
# कृषि विज्ञान केन्द्र, हरिहरपुर, वैशाली
पिनः–844102, बिहार

भाकृअनुप
ICAR

**डॉ० अनिल कुमार सिंह**
वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान

**E-mail: head.kvk.vaishali@rpcau.ac.in**
**संपर्क नं०–91 6287797172**

पत्रांक सं0.....545..../के0वी0के0, वैशाली

दिनांक 19/02/2026

## पुनः विज्ञप्ति
## निविदा सूचना

सादर सूचित करना है कि कृषि विज्ञान केन्द्र, वैशाली के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की निविदायें होनी हैं, जिसके लिए इच्छुक व्यक्ति मोहर बंद निविदा पूर्ण रूप से भरे हुए विहित प्रपत्र के साथ अद्योहस्ताक्षारी के कार्यालय में अपराह्न 05:00 बजे तक डाक द्वारा कार्यालय में जमा करें। **बैंक ड्राफ्ट कृषि विज्ञान केन्द्र बैंक ऑफ बड़ौदा, हाजीपुर के नाम से देय होगा।** लिफाफे के ऊपर निविदा का प्रकार अवश्य अंकित हो। **विशेष जानकारी एवं बंदोबस्ती प्रपत्र डॉ०रा०प्र०कृ०वि विश्वविद्यालय, पूसा** एवं केन्द्र की बेवसाईट–http://www.rpcau.ac.in और http://vaishali.kvk4.in से प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति के उपरांत निविदा राशि की आधी रकम निविदा समाप्ति के तुरंत बाद 72 घंटे के अंदर जमा करना होगा। असफल निविदादाताओं की बैंक ड्राफ्ट राशि को उसी समय वापस कर दिया जायेगा। निविदा प्रपत्र निबंधित डाक द्वारा वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान कृषि विज्ञान केन्द्र, वैशाली–844102 के नाम से भेजा जाए। निविदा प्रपत्र पूर्णरूपेण भरा होना चाहिए अन्यथा उसे अस्वीकृत कर दिया जायेगा। नीलामी में वही व्यक्ति शामिल होंगे जिनकी जमानत राशि समय से जमा होगी तथा जिन्हें नीलामी की सभी शर्तो ज्ञात एवं मान्य होगी। निविदा राशि न्यूनतम से कम होने की स्थिति में समिति को यह अधिकार होगा कि निविदाकर्त्ता से मोल–भाव कर प्रांकलित राशि तय कर बिकी सुनिश्चित कर सकें।

बिना कारण बताये समिति के पास किसी भी निविदा को खंड रूप से या पूर्ण रूप से अस्वीकृत करने तथा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

| **क्र० सं०** | **निविदा का प्रकार** | **निविदा की राशि** | **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि** | **निविदा खुलने की तिथि** | **अभ्युक्त** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हरिहरपुर प्रक्षेत्र (आम का बागान) | 25,000/– | 27.02.2026 | 28.02.2026 | निविदा की समय सीमा में बढ़ोतरी |
| 2. | कार्यालय परिसर (आम का बागान) | 5,000/– | 27.02.2026 | 28.02.2026 | निविदा की समय सीमा में बढ़ोतरी |
| 3. | गोरौल फार्म स्थित पोखर | 10,000/– | 17.03.2026 | 18.03.2026 | निविदा का पुनः विज्ञापन |

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र, वैशाली

प्रतिलिपिः– सभी कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, बिहार सरकार/सभी वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान कृषि विज्ञान केन्द्र/निदेशक अनुसंधान/सभी अधिष्ठाता/ निदेशक प्रसार शिक्षा/नियंत्रक डॉ०रा०प्र०के0कृ०वि०,पूसा एवं समिति के सदस्यों को सूचनार्थ **प्रेषित।**

प्रतिलिपिः–माननीय कुलपति महोदय, के सचिव को सूचनार्थ हेतु **प्रेषित।**

सूचना– कृषि विज्ञान केन्द्र, वैशाली एवं केला अनुसंधान केन्द्र, गोरौल के सूचना पट्ट पर नीलामी सूचना चिपकाया जाए। प्रभारी एरिस सेल, डॉ०रा०प्र०के0कृ०वि०,पूसा/कृषि विज्ञान केन्द्र के बेवसाईट एवं पोर्टल, के वेबसाईट पर प्रसारित करने हेतु।

19/02/26
वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र, वैशाली
19/2/26

डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय,पूसा बिहार
# कृषि विज्ञान केन्द्र, वैशाली
पिनः—844102, बिहार

**डॉ० अनिल कुमार सिंह**
वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान

**E-mail: head.kvk.vaishali@rpcau.ac.in**
**संपर्क नं०-91 6287797172**

का० आ० सं. ..64...../2026/के०वी०के०/वैशाली

दिनांक: 18../.02../2026

## पुनः विज्ञप्ति
## नीलामी सूचना
## निविदा संबंधित नियम एवं शर्ते

1. निविदा हेतु अनुबंध **राशि हरिहरपुर प्रक्षेत्र हेतु रु 25000/– (पच्चीस हजार) एवं कार्यालय परिसर हेतु रु 5000/– (पाँच हजार) मात्र** होगी। जिसे डिमांड डाफ्ट द्वारा कार्यालय में प्राप्त की जायेगी।
2. डिमांड ड्राफ्ट कृषि विज्ञान केन्द्र के नाम से बैंक ऑफ बड़ौदा, हाजीपुर में देय होगा।
3. निविदा राशि निविदा विहित प्रपत्र में भरकर डिमांड ड्राफ्ट के साथ दिनांक– 27.02.2026 को सायं 5:00 बजे तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय में प्राप्त की जायेगी। निविदा विहित प्रपत्र के साथ आधार एवं पैन कार्ड की स्वहस्ताक्षारित प्रतिलिपि अवश्य सम्मिलित करें।
4. निविदा दिनांक–28.02.2026 को कृषि **विज्ञान केन्द्र, वैशाली के प्रशिक्षण कक्ष में पूर्वाह्न–11:30 बजे निविदाताओं एवं समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी।**
5. दोनों बागानों का डिमांड ड्राफ्ट एवं निविदा विहित प्रपत्र अलग–अलग कार्यालय में प्राप्त की जायेगी।
6. निविदा स्वीकृति के उपरांत पूर्ण निविदा की राशि का 50 प्रतिशत 72 घंटे के अंतर्गत कार्यालय में जमा करना होगा तथा **शेष** राशि 21.05.2026 तक जमा करना होगा। अन्यथा निविदा रद्द कर दी जायेगी।
7. केन्द्र के पास बिना कारण बताए पूरी अवधि में विवाद की स्थिति में निविदा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित होगा एवं विवाद की स्थिति में केन्द्र प्रमुख का निर्णय अंतिम होगा एवं इससे हुए किसी भी नुकसान की जिम्मेदारी केन्द्र की नहीं होगी।
8. बागान की देखरेख एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी निविदाता की होगी एवं फल की तुड़ाई करते समय वृक्ष में किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होना चाहिए।
9. फल की तुड़ाई का कार्य हमेशा कार्यालय कर्मचारी की उपस्थिति में एवं कार्यालय अवधि में ही की जायेगी।
10. प्राकृतिक विपिदाओं से होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति की जिम्मेदारी केन्द्र की नहीं होगी।
11. रविवारीय द्वितीय शनिवार एवं कोई राजपत्रित अवकाश के दिन बागान में लगे हुए फलों को तोड़ने का कार्य नहीं करेंगे। यदि अवकाश के दिन फल को तोड़ना होगा तो सुरक्षा प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, वैशाली से आदेश प्राप्त करने के पश्चात् ही फलों को तोड़ेंगें।
12. **विशेष** जानकारी के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र, वैशाली से सम्पर्क करें– **(6287797172/7005470496)**

19/02/26

**वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान**
कृ०वी०के०, वैशाली

**कृषि विज्ञान केन्द्र, वैशाली के अंतर्गत दिनांक–28.02.2026 को आम के फलों की बिक्री निबंधित डाक निविदा विहित पत्र द्वारा फलन अवधि वर्ष–2026 के लिए–**

| बाग सं० | बगान का नाम | निविदादाता का नाम एवं पता | आधार संख्या एवं पैन संख्या | मोबाईल नं० | बैंक का नाम, ड्राफ्ट संख्या एवं दिनांक | ड्राफ्ट की राशि | निविदा की राशि | बैंक ड्राफ्ट वापस लेने वाले का हस्ताक्षर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आम का बगीचा सं०–01 | हरिहरपुर प्रक्षेत्र | | | | | | | | |
| आम का बगीचा सं०–02 | कार्यालय परिसर | | | | | | | | |

**शर्तों के अनुपालन संबंधित घोषणाः–**

**निविदा के लिए आवश्यक सभी शर्तों को मैंने जान लिया है। मैं वचन देता हूँ कि स्वीकृति के उपरांत में सभी शर्तों का पूरी निष्ठा के साथ पालन करूँगा।**

**निविदाता का नाम**..................................................................................................

**निविदाता का पत्राचार पता**........................................................................................

**निविदाता का स्थाई पता**...........................................................................................

**तिथि**.................................................................................................................

निविदादाता का हस्ताक्षर